## संक्षिप्त

### प्रदेश महामंत्री बनने पर सैनी का स्वागत

**हिंडौन सिटी।** पूर्व राज्यमंत्री भूपेंद्र सैनी को भाजपा में राजस्थान का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किए जाने पर हिंडौन सिटी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पर पहुंचकर उनका भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने सैनी को माला साफा पहना कर स्मृति चिन्ह और गुलदस्ता भेंट कर नवनियुक्त पद की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। हिंडौन सिटी से निवर्तमान जिला अध्यक्ष शिव कुमार सैनी,राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद सैनी नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद हिंडौन सिटी, भाजपा एवं युवा मोर्चा जिला महामंत्री भूपेंद्र गुर्जर भूरा गुर्जर दर्शन नरूका,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा मदनलाल सैनी के सुपुत्र एडवोकेट मनोज सैनी एवं दुर्गाशंकर जी सैनी नवयुवक मंडल अध्यक्ष गणेश सैनी,नटवर सैनी, और मनीष सैनी जयपुर पहुंचे,जहां उन्होंने संगठन को और मजबूत बनाने तथा इसके विस्तार को लेकर सैनी के साथ सकारात्मक चर्चा भी की उसके बाद प्रदेश महामंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं का माला और राधे राधे के पट्टा के साथ किया स्वागत।

### आभार रैली आज

**हिंडौन सिटी।** राजस्थान सरकार द्वारा हाल ही में नव सृजित पंचायत समिति शेरपुर - सुरोठ बनाई गई है इस संदर्भ में राजस्थान सरकार का आभार व्यक्त करने के लिए जिला कलेक्टर करौली को मुख्यमंत्री एव राज्यपाल के नाम धन्यवाद ज्ञापन दिया जाएगा जिसमें सर्व समाज चौबीसा क्षेत्र से टैक्टर, चार पहिया वाहन, बस एवं मोटर साइकिल से विशाल आभार महारैली शेरपुर से करौली कलेक्ट्रेट के लिए सुबह 8 बजे रैली प्रस्थान करेगी करौली पहुंचकर जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना को सर्व समाज चौबीसा की ओर से धन्यवाद ज्ञापन एवं पंचायत समिति मुख्यालय शेरपुर में रखने के लिए ज्ञापन दिया जाएगा जिसमें लगभग 2000-2500 लोग शामिल होंगे रैली शेरपुर से हिंडौन होते हुए करौली पहुंचेगी।

### शिविरों के फोलोअप कैम्प 17 से

**करौली।** जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि राज्य सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ग्रामीण सेवा शिविर-2025 के फोलोअप कैम्प 17 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक आयोजित किये जाएगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल को नोडल अधिकारी व संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग प्रेम किशन को तकनीकी नोडल अधिकारी तथा तहसील करौली व मासलपुर के लिए उपखंड अधिकारी करौली, तहसील हिण्डौन, सूरौठ व श्रीमहावीरजी हेतु उपखंड अधिकारी हिण्डौन, तहसील मंडरायल हेतु उपखंड अधिकारी मंडरायल, तहसील सपोटरा हेतु उपखंड अधिकारी सपोटरा, तहसील टोडाभीम व बालघाट हेतु उपखंड अधिकारी टोडाभीम व तहसील नादौती हेतु उपखंड अधिकारी नादौती को शिविर प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला कलक्टर ने बताया कि कैम्प का आयोजन जिले की प्रत्येक भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त मुख्यालय पर प्रातः 10.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक रहेगा, यदि सांय 05.00 बजे तक कार्य अपूर्ण, लंबित रहते हैं तो कार्य समाप्ति तक शिविर का समापन नहीं किया जाएगा।

### गृह रक्षा विभाग का 63वां स्थापना दिवस आयोजित

**करौली।** गृह रक्षा कमांडेंट रामगोपाल सागर ने बताया कि गृह रक्षा विभाग का 63वां स्थापना दिवस का समारोह आज गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र करौली में हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, ठेकेदार विनोद सिंह, ब्रहमकुमारी इश्वरीय महाविद्यालय करौली से कविता दीदी एवं अन्य आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम ने विभागीय ध्वजारोहण किया। इस दौरान कमाण्डेन्ट रामगोपाल द्वारा स्थापना दिवस पर महामहिम राष्ट्रपति, महामहिम राज्यपाल केन्द्रीय गृह मंत्री, गृह रक्षा मंत्री राजस्थान एवं महानिदेशक एवं महासमादेष्टा श्रीमती मलिनी अठावाल के संदेशो का पठन किया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कामिकों, स्वयं सेवकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में स्थायी स्टॉफ के वरिष्ठ सहायक पृथ्वीराज, कनिष्ठ लेखाकार तनु गर्ग, कनिष्ठ सहायक पुष्पेन्द्र सैन, आरक्षी मानप्रकाश एवं बडी संख्या में स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

■ बैठक में उपस्थित नरेंद्र सिंह टटवाई ने बताया कि संघ के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह मिझोरा ने संगठनात्मक ढांचे में महत्वपूर्ण परिवर्तन की घोषणा करते हुए कहा कि अब तक शिक्षा समिति के माध्यम से सामूहिक विवाह सम्मेलन सहित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में सहयोग किया जाता रहा है

**करौली।** श्री राजपूत सभा करौली के संरक्षण में, श्री राजपूत अधिकारी कर्मचारी संघ द्वारा आगामी 21 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह की व्यवस्थाओं के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन अजय निवास गुलाब बाग करौली में किया गया।

बैठक में उपस्थित नरेंद्र सिंह टटवाई ने बताया कि संघ के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह मिझोरा ने संगठनात्मक ढांचे में महत्वपूर्ण परिवर्तन की घोषणा करते हुए कहा कि अब तक शिक्षा समिति के माध्यम से सामूहिक विवाह सम्मेलन सहित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में सहयोग किया जाता रहा है। अन्य विभागों के

अधिकारी-कर्मचारियों की मांग को देखते हुए समिति का नाम बदलकर "श्री राजपूत अधिकारी कर्मचारी संघ" रखा गया है, ताकि सभी विभागों के सदस्य एक साथ समाजहित में कार्य कर सकें।पूर्व में राजपूत सभा की बैठक में अनुपस्थित रहने के बावजूद श्री केसर सिंह नरूका को कार्यक्रम का संरक्षक बनाए जाने का निर्णय लिया गया था, किंतु उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में अपने प्रांत स्तरीय दायित्वों का हवाला देते हुए समाज द्वारा दिए गए सम्मान को विनम्रतापूर्वक स्वीकार नहीं कर पाने की स्थिति से अवगत कराया।कार्यक्रम संयोजक नत्थू सिंह राजावत ने बताया कि पूर्व निर्धारित योग्यताओं को यथावत रखते हुए, इसके अलावा वे विद्यार्थी भी सम्मानित किए जाएंगे जिन्होंनेएमबीबीएस परीक्षा के माध्यम से राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं आईआईटी की परीक्षा के माध्यम से राजकीय महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त किया हो,प्रतिभाओं की सूची तैयार किए जाने हेतु करौली-मासलपुर: तहसील अध्यक्ष चौरज़ी सिंह की देखरेख में रघुराज सिंह चौहान एवं गणेश सिंह, सपोटरा मे गजेंद्र सिंह व संघ अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह मिझोरा, हिंडौन में शिशु सिंह की देखरेख में अजय सिंह सोलंकी व रामचंद्र सिंह, नादौती में एडवोकेट रमेश सिंह की देखरेख में प्रभाकर सिंह राजावत व रविंद्र सिंह चौहान,टोडाभीम में श्याम सिंह सिसोदिया की देखरेख में चंद्रभान सिंह,गब्बू सिंह चौहान व अजय सिंह, मंडरायल में रविंद्र सिंह व देवेंद्र सिंह, राजू सिंह पूर्व सरपंच की देखरेख मे सूची तैयार किए जाने का कार्य करेंगे कार्यक्रम संयोजक ने बताया कि प्रतिभाओं की अंतिम सूची 10 दिसंबर 2025 को अजय निवास, गुलाब बाग करौली में अनिवार्य रूप से जमा कराई जाए। बैठक में रघुराज सिंह चौहान, उपेंद्र सिंह चांदपुरा, गब्बू सिंह चौहान, रविंद्र सिंह चौहान,अतुल प्रताप सिंह चांदपुरा, शैलेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, रणजीत सिंह,राजपूत सभा के प्रवक्ता वेदप्रकाश सिंह लालाजी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### नव चेतना शिविर में बच्चों को सिखाया जा रहा है आत्मरक्षा के गुर

**गंगापुर सिटी।** गुलकंदी देवी आदर्श विद्या मंदिर में चल रहे आत्मरक्षा एवं नव चेतना शिविर में बालिका एवं बच्चें बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। समाजसेविका अंजना रावत ने बताया कि इस शिविर में बालिकाओं को स्वयं की कैसे रक्षा की जा सकती है इसके लिए कई हुनर सिखाए जा रहे हैं। अध्यात्म से जुड़कर मन को कैसे शांत किया जा सकता है और प्रतिदिन किन बातों का ध्यान रखा जाता है, इन सभी के बारे में जानकारी दी जा रही है।घ शिविर का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं का एवं बच्चों का मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास हो सके। सभी को संकल्प दिलाया कि प्रतिदिन सुबह जल्दी उठ, धरती मां एवं बड़ों को प्रणाम किया करें साथ में ही खेल- कूद ,योग -प्राणायाम भी सिखाए जा रहे हैं।

### धौलपुर में कुपोषण का आंकडा राष्ट्रीय स्तर से भी अधिक है

**करौली।** करौली धौलपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कांठोस के सांसद भजनलाल जाटव करौली धौलपुर क्षेत्र के बच्चों में बढ़ते बढ़ते कुपोषण पर चिंता जताते हुए लोकसभा में मामला उठाया उन्होंने लोकसभा में मामला उठाते हुए कहा कि बच्चों में कुपोषण की समस्या करौली धौलपुर का आंकडा राष्ट्रीय स्तर से भी अधिक है उन्होंने कहा कि यहां पर आंगनबाड़ी केन्द्रो की कमी और आंगनबाडी भवनों की हालत खस्ता होने से बच्चों को स्वास्थ्य सुविधाओं का बहुत अभाव रहता है और करौली धौलपुर में एनीमिया की स्थिति भी बहुत भयानक है बच्चों के कुपोषण की समस्या के समाधान के लिए अलग से बजट आवंटन करने की सांसद ने मांग रखी जिला अभिभावक समिति करौली के अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों के आवेदन जमा हुए जिनकी 8 दिसंबर 2025 को जांच होगी। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि 12 दिसंबर 2025 को जिला अभिभावक समिति संघ के अध्यक्ष पद का चुनाव होगा जिसके लिए शनिवार तक आवेदन की अंतिम तिथि तक दो आवेदन जमा हुए जिम एक आवेदन जयेंद्र सिंह एडवोकेट और धीरेंद्र सिंह बैंसला का जमा हुआ है मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि 8 दिसंबर 2025 को 12:00 पीएम से 1:00 पीएम तक आवेदनों की जांच होगी और 1:00 पीएम 3:00 पीएम तक नाम वापसी होगी।

### भवनों की प्रशासनिक स्वीकृति

**करौली।** जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि अत्यधिक वर्षा, बाढ़ से क्षितठास्त हुए पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन मरम्मत कार्यों के प्राप्त प्रस्ताव तथा इस हेतु गठित नादौती की अभिशंषा के आधार पर तत्काल पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन मरम्मत के कार्य करवाये जाने हेतु 17 कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। जिनमें से 04 पंचायत भवनों व 02 सामुदायिक भवनों के 06 कार्यों हेतु 11.30 लाख की पुनरावृति होते हुए दोहरी प्रशासनिक स्वीकृति जारी होने के उपरान्त उक्त प्रशासनिक स्वीकृति को प्रत्याहरित किया जा रहा है।

## ससेडी व करसाई में होगा जल ग्रहण महोत्सव आज

**करौली।** निदेशालय जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण राजस्थान जयपुर के आदेश अनुसार प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत जल ठाहण क्षेत्रो में 16 दिसंबर 2025 तक जल ठाहण महोत्सव के आयोजन होने हैं इसी कड़ी में करौली पंचायत समिति अंतर्गत ससेड़ी ठााम पंचायत स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आज सोमवार को और कल मंगलवार को करसाई ठााम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जल ठाहण महोत्सव आयोजित होंगे जल ग्रहण एवं भू संरक्षण पंचायत समिति करौली के सहायक अभियंता जितेश कुमार मीणा ने बताया कि जल ठाहण योजना अंतर्गत पूर्ण कार्यों का लोकार्पण वह नवीन कार्यों का भूमि पूजन एवं स्वच्छ श्रमदान का आयोजन स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जाएगा उन्होंने बताया कि जल ठाहण क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा जिसमें विद्यालयों में रंगोली निबंध प्रतियोगिता जल ठाहण रैली एवं स्थानीय महिलाओं के सहयोग से वाटरशेड कलश यात्रा का भी आयोजन किया जाना है विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रथम द्वितीय व तृतीय विजेताओं को पुरस्कार दिया जाएगा उन्होंने बताया कि करसाई में जाने वाले समस्त गतिविधियों कार्यक्रम की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कराई जाएगी।

# जितेंद्र गोयल ने रक्त दानकर जन्मदिन मनाया

■ इस मौके पर नवयुक्त नगर परिषद सभापति ने कहा कि अल्प समय के लिए यह पद मिला है

**करौली।** नव नियुक्त नगर परिषद सभापति नीतू गुप्ता महिला मंडल गुलाब बाग की महिलाओं ने दुपट्टा उड़ा कर स्वागत सम्मान किया उधर सभापति प्रतिनिधि जितेंद्र गोयल ने रक्त दानकर अपना जन्मदिन मनाया।

नव नियुक्त नगर परिषद सभापति नीतू गुप्ता का रविवार को यहां के गुलाब बाग स्थित महिला मंडल की महिला आशा बजाज हेमा सोनी उषा शर्मा गीते शर्मा चंद्रकांता गायत्री सुमन मीना राजकुमारी आदि ने दुपट्टा उड़ा कर भव्य स्वागत सम्मान किया इस मौके पर नवयुक्त नगर परिषद सभापति ने कहा कि अल्प समय के लिए यह पद मिला है यहां नगर परिषद क्षेत्र में विकास की बहुत जरूरत है लेकिन अल्प समय में जितना संभव हो सकेगा उतना अवश्य करने का प्रयास किया जाएगा उधर नगर परिषद सभापति के पति जितेंद्र गोयल ने सामान्य चिकित्सालय में 15 पार्षदों के साथ पहुंचकर रक्तदान कर अपना जन्मदिन मनाया वही 15 पार्षदों में चिकित्सालय में रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन कराया और कहा कि यदि किसी को जरूरत पड़ी तो रक्तदान के लिए 15 पार्षद तैयार हैं रजिस्ट्रेशन कराने में रक्तदाता समाज सेवी बबलू शुक्ला आकाश कुशवाह बच्चन माली भगवान मुकेश गॉड अमित तमोली पार्षद प्रतिनिधि दीपक शर्मा सुमित गर्ग केशव भारद्वाज अनिल शर्मा आदि शामिल थे इसके अलावा सभापति प्रतिनिधि सहित पार्षद साथियों ने रविवार शाम यहां की नई सब्जी मंडी स्थित मां अन्नपूर्णा निशुल्क भोजशाला में जरूरतमंद लोगों को भोजन प्रसादी कराई।

# नई कार्यकारिणी का गठन

**हिंडौन सिटी।** जिला पुरस्कृत शिक्षक फोरम, करौली की राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय सम्मानित शिक्षकों की आम बैठक पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी उच्च माध्यमिक विद्यालय, हिंडौन सिटी में गरिमामय वातावरण में आयोजित की गई। बैठक में विगत दो वर्षों में राज्य स्तरीय पुरस्कृत शिक्षकों श्री मुकेश चंद गुप्ता एवं श्रीमती प्रीति शर्मा का माला, शाल-साफा पहनाकर एवं श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन निर्वाचन अधिकारी शीतल प्रसाद शुक्ला एवं पर्यवेक्षक श्री धर्मराज जी जांगिड़ की उपस्थिति में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से राष्ट्रीय सम्मानित शिक्षक श्री पूरणमल जाटव को जिला अध्यक्ष चुना गया तथा उनका विधिवत सम्मान किया गया। विशेष उपलब्धि के अंतर्गत राष्ट्रपति सम्मानित शिक्षक श्री धर्मराज जी जांगिड़ एवं श्री शीतल प्रसाद शुक्ला का भी माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। नवगठित जिला कार्यकारिणी में श्रीमती प्रीति शर्मा को महिला उपाध्यक्ष, श्री श्यामवीर सोलंकी को पुरुष उपाध्यक्ष, श्री हरकेश मीणा को मंत्री, श्रीमती पुष्पा मंगल को महामंत्री, श्री मुकेश चंद्र गुप्ता को कोषाध्यक्ष, श्री मुनेश कुमार मीणा को संगठन मंत्री, श्री वीरेंद्र कुमार जाट व श्री सतीश गुप्ता को प्रचार मंत्री तथा श्री शांतनु पाराशर को प्रवक्ता मनोनीत किया गया। संरक्षक के रूप में श्री वीरेंद्र कुमार पंडा, श्री शीतल प्रसाद शुक्ला एवं श्री धर्मराज जांगिड़ को चुना गया। कार्यक्रम में अतिथि शिक्षक के रूप में श्री आशीष शर्मा, व्याख्याता भी उपस्थित रहे, जिनका कार्यकारिणी द्वारा माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए, जिनमें जिला स्तरीय कार्यक्रमों में पुरस्कृत शिक्षकों की अनिवार्य सहभागिता, सभी ब्लॉक कार्यालयों में पुरस्कृत शिक्षकों की सूची स्थापित करना, प्रतिवर्ष राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान के पश्चात प्रथम सप्ताह में अभिनंदन समारोह का आयोजन तथा प्रतिवर्ष फोरम की चार बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं। कार्यक्रम का समापन शिक्षकों के सम्मान, संगठन की मजबूती एवं शिक्षा के उन्नयन के संकल्प के साथ हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ।

## पीसीपीएनडीटी अधिनियम की सख्ती से करनी होंगी पालना- सीएमएचओ

■ सीएमएचओ ने 2 सोनोग्राफी सेन्टरों का निरीक्षण

**करौली।** पीसीपीएनडीटी अधिनियम की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला नोडल अधिकारी (पीसीपीएनडीटी) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंतीलाल मीणा ने करौली मुख्यालय पर भावना सोनोठााफी सेंटर और बागड़ी हॉस्पिटल स्थित सोनोठााफी सेंटर का निरीक्षण किया और गर्भवती महिला से बात कर सेवाओं का जायजा लिया।

उन्होंने सोनोठााफी पंजिका व एफ फॉर्म की जांच की और संचालको को पीसीपीएनडीटी अधिनियम की सख्ती से पालना के लिए पाबन्द किया। सीएमएचओ ने बताया कि भ्रुण लिंग परीक्षण रोकने के कार्य में आमजन की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से मुखबिर योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत भ्रुण लिंग परीक्षण की सत्य सूचना पर तीन लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। सेन्टर पर मुखबीर योजना का प्रचार प्रसार टोल फ्री नंबर 104 व 108 एवं व्हाट्सएप नंबर 9799997795 के प्रदर्शन का सत्यापन किया। सेन्टर संचालक को पीसीपीएनडीटी एक्ट के अनुरूप कार्य करने को पाबन्द किया गया।

## जीपीएस वॉरियर्स ने जीता इंटर स्कूल क्रिकेट चौंपियनशिप का खिताब

■ दर्शकों ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

**गंगापुर सिटी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर रविवार को इंटर स्कूल क्रिकेट चौंपियनशिप का फाइनल मुकाबला संपन्न हुआ। इस मुकाबले में जीपीएस वॉरियर्स टीम ने खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में जीपीएस वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विवेकानंद वॉरियर्स टीम को हराया। विवेकानंद स्कूल की टीम विवेकानंद वॉरियर्स उपविजेता रही। समापन समारोह में उप जिला कलेक्टर बृजेन्द्र मीणा, अग्रवाल शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष दीनदयाल गुप्ता और टॉस अधिकारी राजेंद्र छीपा उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने खिलाड़ियों के खेल कौशल और अनुशासन की सराहना की। इस अवसर पर एसडीएम मीणा ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में खेल भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही। समारोह में शहर के वरिष्ठ क्रिकेटर निसार खान, शफी मोहम्मद, लोकेश, सूर्यप्रकाश शर्मा, जितेंद्र उपाध्याय और रजनीश उपाध्याय को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

पहली बार आयोजित ग्रैंड क्लोजिंग सेरेमनी में हजारों लोग मौजूद रहे। हर चौके-धक्के पर बजी तालियां दर्शकों ने हर चौके-छक्के पर तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। फाइनल मुकाबले के साथ-साथ रंगारंग प्रस्तुतियां और विविध आकर्षक गतिविधियों ने समारोह को खास बना दिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी स्कूलों के प्रबंधकों ने आयोजन की सराहना की। आयोजन समिति ने सभी भाग लेने वाले स्कूलों का आभार व्यक्त किया। समिति ने कहा कि सभी टीमों ने अनुशासन, प्रतिभा और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समिति ने अगले वर्ष और बड़े स्तर पर इंटर स्कूल खेल आयोजन करने की घोषणा की, ताकि छात्रों को खेल के क्षेत्र में अधिक अवसर मिल सकें। कार्यक्रम के दौरान गायत्री देवी, हेमंत शर्मा, सूरज गर्ग, क्षितिज गुप्ता, पंकज गुप्ता, आदित्य भारद्वाज, मनीष जैन, अनुराग शर्मा, रोहित जैमिनी, अजय भारद्वाज, गौरव मंगल और कुसुम गुप्ता सहित विभिन्न स्कूलों के सदस्य उपस्थित रहे।

## दो आंगनबाडी केन्द्रों की वित्तीय स्वीकृति

**करौली।** जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि उपखण्ड नादौती के आंगनवाडी केन्द्र के भवनों की अस्थायी मरम्मत एवं पुनरूद्वार हेतु उपखण्ड स्तरीय समिति नादौती से अनुमोदन उपरान्त प्राप्त प्रस्तावानुसार प्रशासनिक स्वीकृति तहसील नादौती के 21 आंगनवाडी केन्द्रों के भवनों की तात्कालिक अस्थायी मरम्मत एवं पुनस्स्थापना हेतु राशि 42.00 लाख की जारी की गई थी। उक्त कार्यों की विकास अधिकारी, पंचायत समिति नादौती से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने पर इस कार्यालय द्वारा वित्तीय स्वीकृति द्वारा तहसील नादौती के 18 आंगनवाडी केन्द्रों के भवनों की तात्कालिक अस्थायी मरम्मत एवं पुनस्थापना हेतु राशि 34.00 लाख की जारी की गई थी। उन्होंने बताया कि विकास अधिकारी, पंचायत समिति नादौती के आंगनवाडी केन्द्र कैमा व सलावद के भवनों की अस्थायी मरम्मत एवं पुनरुद्वार हेतु स्वीकृत की गई।

# रीजन-11 जुडे लायंस क्लबों पर्यावरण संरक्षण हेतु निकाली भव्य कार रैली

■ लायन्स क्लब रीजन 11 के सदस्य पर्यावरण संरक्षण हेतु वाहन रैली निकालते हुए

**गंगापुर सिटी।** लायंस क्लब इंटरनेशनल की रीजन11 द्वारा रीजन चेयरपर्सन एडवोकेट विवेक कुमार मीना के नेतृत्व में गंगापुर सिटी से सवाई माधोपुर तक रीजन कार रैली का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य रणथम्भौर जंगल सफारी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा एवं जन-जागरूकता का संदेश देना था।

इस रैली के सफल संचालन में रीजन सेक्रेटरी एडवोकेट धर्मेंद्र गुप्ता, जोन चेयरपर्सन एवं संयोजक आनंद गोयल, आलोक मालधनी एवं डॉ. क्षितिज गुप्ता ने अपने-अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले सभी लायंस क्लबों के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रैली में रीजन-11 के अंतर्गत विभिन्न लायंस क्लबों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में लायंस क्लब गोल्ड अध्यक्ष अशोक गोयल लेक्चरर, संरक्षक एडवोकेट विनोद शर्मा, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी, लायंस क्लब गंगापुर सिटी अध्यक्ष मुकेश लोहा वाले, सचिव धीरज लेक्चरर, लायंस क्लब सार्थक अध्यक्ष डॉ. अनिल टोडवाल, सचिव पवन गुप्ता, लायंस क्लब दिशा अध्यक्ष राजेंद्र गौतम सेल्स टैक्स , सचिव लोकेश जैन, कोषाध्यक्ष सौरभ जैन, लायंस क्लब बोली अध्यक्ष प्रहलाद सैनी, लायंस क्लब समर्पण अध्यक्ष प्रदीप सोनी सहित रीजन पदाधिकारी डॉ. अभिषेक जैमिनी, मुकुल खूटामार सहित लगभग 20 लायंस सदस्यों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति के साथ रैली को सफल बनाया। रैली के दौरान सभी वाहनों ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने वाले संदेशों एवं बैनरों के साथ जनमानस को जागरूक किया। तत्पश्चात दल ने रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी कर वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण के महत्व को समझा तथा "प्रकृति बचाओ- पर्यावरण बचाओ" का संदेश दिया। रीजन चेयरपर्सन एडवोकेट विवेक कुमार मीना ने बताया कि लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 इ1 के तत्वावधान में रीजन 11 द्वारा आयोजित ऐतिहासिक कार रेली और जंगल भ्रमण कार्यक्रम समाजसेवा की भावना से प्रेरित होकर निरंतर पर्यावरण, शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में कार्य करता रहेगा।

## कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**गंगापुर सिटी।** रविवार को पुरानी अनाज मण्डी स्थित मां गुमाना बीजासणी देवी सेवा समिति के कार्यालय पर समिति के द्विवार्षिक चुनावो कोलेकर कार्यकारिणी व संरक्षक मण्डल की बैठक समिति अध्यक्ष महेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्व सम्मति से समिति के चुनाव 11 जनवरी को कराए जाने पर सहमति बनी। वहीं सदस्यता अभियान 10 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक चलेगा। 28 दिसम्बर को अस्थाई मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा एंव 30 दिसम्बर तक आपत्तियां दर्ज की जायेगी। इसके बाद दो जनवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। समिति महामंत्री गोपाल सोनी ने मातारानी के सभी भक्तो से ज्यादा से ज्यादा संख्या में सदस्यता ग्रहण करने की आग्रह किया है। वहीं इस दौरान करणपुर धाम में मां गुमानो यात्री निवास धर्मशाला में चल रहे निर्माण कार्यो को लेकर भी चर्चा की गई।

## वोट चोर – गद्दी छोड़ अभियान 14 को

■ बैठक में आगामी 14 दिसंबर की वोट चोर - गद्दी छोड़ हस्ताक्षर महारैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने हेतु विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई

**करौली।** भंवर विलास मैरिज गार्डन, करौली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के मार्गदर्शन में, जिला कांग्रेस कमेटी करौली के अध्यक्ष घनश्याम महर की अध्यक्षता में वोट चोर - गद्दी छोड़ अभियान, आगामी 14 दिसंबर को होने वाली हस्ताक्षर महारैली एवं (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में आगामी 14 दिसंबर की वोट चोर - गद्दी छोड़ हस्ताक्षर महारैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने हेतु विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। संभाग प्रभारी एवं अभियान प्रभारी श्री गजराज खटाना ने बताया कि जिले से इस महारैली में कुल 2000 कार्यकर्ताओं को पहुँचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें प्रत्येक विधानसभा से 500 कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसके लिए प्रत्येक ब्लॉक, मंडल और संगठन इकाइयों को विशेष जिम्मेदारियाँ सौंपी गई ।

साथ ही अभियान को बूथ स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने, मतदाता सूचियों की शुद्धता सुनिश्चित करने, छूटे हुए नाम जोड़ने तथा कार्यकर्ताओं की भूमिकाओं को स्पष्ट करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। नेतृत्व ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा, जनमत के सम्मान और जनसंघर्ष को मजबूत बनाने के लिए कांठोस पार्टी पूरी प्रतिबद्धता के साथ मैदान में उतरी है तथा दोनों अभियानों को ऐतिहासिक सफलता दिलाई जाएगी। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि वे कार्यों को प्राथमिकता देंगे और 14 दिसंबर की हस्ताक्षर महारैली में अभूतपूर्व जनभागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

इस अवसर पर पीसीसी उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी गजराज खटाना, जिला प्रभारी संजय कुमार जाटव, पूर्व विधायक लाखन मीना, हिंडौन विधायक अनीता जाटव, जिलाध्यक्ष शिवराज मीना, पीसीसी समन्वयक धर्मेन्द्र शर्मा, अमित मुद्गल, हिम्मत सिंह चौधरी, रवि गुर्जर, पीसीसी सचिव भूपेंद्र भारद्वाज, पुष्पेंद्र मीना, राजीव शुक्ला, पीसीसी सदस्य ओमप्रकाश मामू, महेंद्र सुरोठिया, ब्लॉक अध्यक्ष रामचरण मीना, लोकेश खटाना, हरिराम बैरवा, रामगोपाल माली, ब्रज किशोर शर्मा, एजाज अहमद, योगेंद्र मावई, रवी मीना, पूर्व मंत्री रामस्वरूप मीना, शरद गुर्जर, दिनेश झारेड़ा, खेमसिंह मीना, विशाल मीणा, अमृता मीना, अल्का मीना, चैन सिंह मीना, सुनील सैनी, प्रभाव चौधरी, राजबाई मीना, हरगुण मीना, कैलासी मीना तथा जिले के समस्त पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नई दिशा सोसायटी के जीपीएल 10 का ट्रायल संपन्न

**गंगापुर सिटी।** रविवार को नई दिशा सोसाइटी के तत्वाधान में जीपीएल 10 का ट्रायल हायर सेकेण्डरी स्कूल ग्राउण्ड पर आयोजित किया गया। इस साल 3 जनवरी से पीयूष जीपीएल 10 का शुभारंभ होगा। इस के लिए आज 130 क्रिकेट प्लेयर्स जो की आगरा, भरतपुर, कोटा, जयपुर, सवाई माधोपुर, दौसा के थे उन्होंने हाई सेकेंडरी के खेल ग्राउंड पर ट्रायल दिया, ट्रायल के दौरान सभी 6 टीमों के ऑनर्स उपस्थित रहे।

उन्होंने सभी खिलाड़ियों को परखा और खिलाड़ियों की प्रैक्टिस को देखा। संयोजक कपिल गौतम ने बताया की शाम को पार्थ रिसॉर्ट में ऑक्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी 6 टीमों के ऑनर्स ने अपनी टीमों के लिए ऑक्शन में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जो 6 टीमें हिस्सा लेंगी। जिसमे जी जी सी हंटर जिसके ओनर सुरेंद्र मित्तल, साजिद, रोहित, लाला भाई और गणेश सोनी हैं। जीजीसी रॉयल रेंजर्स जिसके ऑनर रवि पुजारी, विकास गुप्ता, चीनू भारद्वाज हैं एफसीए डॉमिनेटर्स टीम के ओनर्स अमित मीणा, आलोक मालधानी, हेमेन्द्र तिवारी है।

एसवीपीएस स्कूल इस टीम के ओनर्स रोहित त्रिवेदी,डी एस साइंस एकेडमी इस टीम के ऑनर उमेश शर्मा एवं अवधेश शर्मा है। ओप्पो मास्टर ब्लास्टर के ऑनर आदित्य भारद्वाज है। सभी टीम ओनर ने ऑक्शन में अपनी टीम के लिए 16-16 खिलाड़ियों का चयन किया, आक्शन में मंच संचालन गजानंद वशिष्ठ एवं वैभव दुबे ने किया। कार्यक्रम में नई दिशा सोसाइटी के अध्यक्ष एवं नगर सभापति शिवरतन अग्रवाल नई दिशा सोसाइटी के सभी कमेटी मेंबर एवं शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क फिजियोथेरेपी शिविर सम्पन्न

**हिंडौन सिटी।** नई मंडी स्थित शिवालय के पास अठावाल धर्मशाला में भारत विकास परिषद शाखा हिण्डौन सिटी द्वारा आयोजित नि:शुल्क फिजियोथेरेपी शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस शिविर में स्थानीय बण्डी भोला परिवार के डॉ. आकाश गर्ग (फिजियोथैरेपिस्ट) - जो वर्तमान में यथार्थ हॉस्पिटल, फरीदाबाद (एनसीआर दिल्ली) में सेवाएं दे रहे हैं - द्वारा लगभग 73 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श और उपचार प्रदान किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश टोडूपुरा, शाखा अध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता एवं जितेंद्र बंडी भोला द्वारा मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रपट पर माल्यार्पण व राष्ट्रगीत के माध्यम से किया गया ।

कमर दर्द,गर्दन दर्द,घुटने का दर्द,फ्रोजन शोल्डर,जोड़ों की अकड़न से पीड़ित मरीजों ने विशेषज्ञ फिजियोथेरेपी उपचार प्राप्त किया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता ने कहा- फिजियोथेरेपी आधुनिक चिकित्सा का वैज्ञानिक, सुरक्षित और प्रभावी उपचार पद्धित है, जो दर्द को कम कर गतिशीलता बढ़ाती है तथा दवाइयों और सर्जरी पर निर्भरता घटाकर व्यक्ति को स्वस्थ व सक्रिय जीवन जीने में सहायता करती है। शिविर में उपस्थित सभी लोगों को आर्य समाज हिण्डौन के रामबाबू आर्य द्वारा 'विमुक्त आत्मा' एवं 'स्वधा' साहित्य नि:शुल्क वितरित कर सामाजिक संदेश दिया गया।

सचिव दीनदयाल सिंघल ने आगामी कर्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि-सोमवार को निर्धन व जरूरतमंद बच्चों को नि:शुल्क ऊनी वस्त्र वितरित किए जाएंगे। शिविर में परिषद के -देवेन्द्र शर्मा (प्रांतिय गतिविधि संयोजक सेवा),संरक्षक अशोक गर्ग,

कोषाध्यक्ष उमेश शर्मा,शाखा समन्वयक सुबोध जैन, मुकेश गोयल, नरेश रामपुरा, हरिचरण गुप्ता, राजेन्द्र बजाज, मोहित मित्तल, दीनदयाल गुप्ता, आलोक सोलंकी, नितिन अठावाल, योगेश अठावाल, कमलेश वशिष्ठ, पवन एरेन सहित,महिला संयोजिका वंदना शर्मा के नेतृत्व में- मंजू गुप्ता, मोना मित्तल, आरती बिंदल, पूजा सिंघल, कविता एरेन, शिवानी अठावाल, राजकुमारी, कृष्णा गोयल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भारत विकास परिषद हिण्डौन सिटी द्वारा आयोजित यह सेवा कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य जागरूकता, मानवता और सेवा के मूल्यों को सशक्त रूप से स्थापित करता है।